आईआईएम के छात्रों ने मनाया ओणम

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची के विद्यार्थियों ने खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को ओणम उत्सव मनाया। इसका आयोजन आईआईएम की सांस्कृतिक समिति की ओर से किया गया था। इस दौरान परिसर को फूलों से सजाया गया। पारंपरिक परिधान में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इस उत्सव को यादगार बना दिया। दक्षिण भारतीय संगीत पर थिरकते हुए छात्र-छात्राओं ने उत्सव का उल्लास साझा किया।

खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में मंगलवार को ओणम मनाते आईआईएम रांची के विद्यार्थी।

बता दें, ओणम केरल में फसल के मौसम की शुरुआत और मानसून के मौसम के अंत का प्रतीक है। यह केरल की संस्कृति और परंपराओं का भी प्रतीक है। इसे दस दिनों के लिए मनाया जाता है। वहीं, छात्र-छात्राओं ने कहा कि यह पर्व धार्मिक असमानता को खत्म कर सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

Hindustan_14.09.2022_Pg. 05